YETP की मुख्य विशेषताएँ

कार्यस्थल अटैचमेंट प्रशिक्षण (WPA)

- शिक्षार्थी 1 महीने के लिए कार्य का अनुभव हासिल करने के लिए गैर-कर्मचारी के रूप में कार्यस्थल अटैचमेंट प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
- शिक्षार्थी 80% या उससे अधिक की उपस्थिति दर के साथ अटैचमेंट पूरा होने पर के अटैचमेंट भत्ते के लिए आवेदन कर सकते हैं।

फुल-टाइम / पार्ट टाइम ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (OJT)

- शिक्षार्थियों को 6-12 महीनों के वेतन के साथ कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया जाता है।
- रोजगारदाता संबंधित काम के अनुभव वाले मौजूदा स्टाफ को प्रशिक्षार्थियों के परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति करेंगे और कार्य पर उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

ऑफ-द-जॉब वोकेशनल ट्रेनिंग

- ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग अवधि के दौरान, शिक्षार्थी संबंधित ऑफ-द-जॉब वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स या परीक्षाओं में नामांकन करवा सकते हैं। शिक्षार्थी YETP से $4,000 तक कोर्स या परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पूछताछ
हॉटलाइन: 2112 9932
वेबसाइट: www.yes.labour.gov.hk
(18 वर्ष या उससे अधिक आयु के आवेदकों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण उपलब्ध है)
ईमेल: enquiry@yes.labour.gov.hk

(01/2025)

勞工處
Labour Department

YETP 展翅
青年就業計劃

YETP
युवा रोजगार और प्रशिक्षण कार्यक्रम

Youth Employment and Training Programme (Hindi Version)

युवा रोजगार और प्रशिक्षण कार्यक्रम (YETP)

श्रम विभाग का युवा रोजगार और प्रशिक्षण कार्यक्रम (YETP) युवाओं के लिए मुफ्त और विभिन्न रोजगार सहायता सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे वो अपने आप को और उनके कार्य की योग्यताओं को बेहतर तरीके से समझ सकें और अपने कार्य कौशल और अनुभव को बढ़ा सकें। 15 से 29 वर्ष की आयु के सभी युवाओं का उप-डिग्री स्तर या इससे नीचे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्वागत है।

YETP के तहत नामांकन करने वाला प्रत्येक शिक्षार्थी 12 महीने की बुनियादी सेवा अवधि प्राप्त करने का हकदार होगा और उसके लिए सेवा की पूरी अवधि के दौरान कैरियर मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए एक केस मैनेजर, जो एक पंजीकृत सामाजिक कार्यकर्ता है, को नियुक्त किया जाएगा।

विशेष रोजगार और प्रशिक्षण की आवश्यकताओं वाले युवाओं के लिए (जैसे कि अलग-अलग नस्लों के लोग), प्रारंभिक स्क्रीनिंग पर, वे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नामांकन कर सकते हैं या केस मैनेजर की सिफारिश पर वर्कप्लेस अटैचमेंट ट्रेनिंग (WPA) या ऑन-द-जॉब (OJT) ट्रेनिंग के लिए आवेदन दे सकते हैं।

YETP की मुख्य विशेषताएँ

कैरियर मार्गदर्शन

- प्रशिक्षार्थियों को पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत कैरियर मार्गदर्शन और रोजगार के बाद की सहायता प्राप्त होगी।

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

- YETP के केस मैनेजर **एम्प्लोयीज़ रीट्रेनिंग बोर्ड (ERB)** के उपयुक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (युवा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, अलग-अलग उद्योगों और सामान्य कौशल पाठ्यक्रमों को शामिल करने वाले अन्य व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों सहित) या **YETP** के तहत विशेष रोजगार परियोजनाओं के लिए और विशिष्ट सेवा लक्ष्यों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में चयन और नामांकन में प्रशिक्षार्थियों की मदद करेंगे।

प्रशिक्षण भत्ता

- योग्य शिक्षार्थी जिन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से ERB या YETP के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नामांकन किया है और 80% या इससे अधिक उपस्थिति प्राप्त की है, वे प्रशिक्षण भत्ते के लिए आवेदन देने के हकदार हैं। YETP के तहत, ERB के "युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम" पाठ्यक्रमों के लिए भुगतान योग्य प्रशिक्षण भत्ते की राशि की गणना $167 प्रति वैध प्रशिक्षण दिवस की दर से की जाती है, जबकि अन्य ERB पाठ्यक्रम और YETP पाठ्यक्रमों के लिए $333 प्रतिदिन की दर से गणना की जाती है (उदाहरण के लिए $166.5 प्रति वैध प्रशिक्षण सत्र)।